Ahmedabad University

School of Arts and Sciences

HIN111- Introduction to Hindi Literature

All Programmes

Mid Term Examination 2022 (Winter Semester)

Total Marks = 20 Time – 1.30 hour

Enrolment Number:.....

Date: 07-03-2022

No. of printed pages: 03

नीचे दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं पाँच के उत्तर दें। आठवाँ प्रश्न अनिवार्य है।

3 अंक वाले चारों प्रश्नों के उत्तर **150** से **200** शब्दों के बीच दें।

8 अंक वाले अन्तिम अनिवार्य प्रश्न का उत्तर **500** शब्दों में दें ।

1) एक प्रेम कविता के रूप में 'हरी घास पर क्षण भर' आपको कैसी लगती है ? तर्क सहित उत्तर दें। (3 अंक)

2) "सदियों से पति के चरणों में लिपटी रहने वाली नारी में कहाँ थी उसे परित्याग करने की शक्ति और सामर्थ्य" - कहानी में इला द्वारा कहे गए इस कथन पर अपने विचार रखिए। (3 अंक)

3) “और न सहसा चोर कह उठे मन में-
प्रकृतिवाद है स्खलन
क्योंकि युग जनवादी है।” - कवि ऐसा क्यों कहता है ? (3 अंक)

4) ‘यही सच है’ कहानी और ‘रजनीगंधा’ सिनेमा की तुलना कीजिए। (3 अंक)

5) दीपा, इला और मालती में से कौन सा पात्र आपकी समझ से सबसे कुशलता से रचा गया है ? तर्क भी दीजिए। (3 अंक)

6) पात्रों के ‘टाइप’ से आप क्या समझते हैं ? किसी कहानी या सिनेमा या सिटकॉम से उदाहरण देकर समझाइए। (3 अंक)

7) “तुम
जो
पत्नियों को अलग रखते हो
वेश्याओं से
और प्रेमिकाओं को अलग रखते हो
पत्नियों से
कितना आतंकित होते हो
जब स्त्री बेखौफ भटकती है
ढूंढती हुई अपना व्यक्तित्व

एक ही साथ वेश्याओं और पत्नियों
और प्रमिकाओं में !”

इन पंक्तियों में पितृसत्ता के किस पक्ष की ओर इशारा किया गया है ? (3 अंक)

8) “दोपहर में उस सूने आँगन में पैर रखते हुए मुझे ऐसा जान पड़ा, मानो उस पर किसी शाप की छाया मँडरा रही हो, उसके वातावरण में कुछ ऐसा अकथ्य, अस्पृश्य, किन्तु फिर भी बोझल और प्रकम्पमय और घना-सा फैल रहा था...” गैंग्रीन कहानी में बार-बार जिस ‘शाप की छाया’ का ज़िक्र आता है , क्या उसे अलगाव (alienation) के रूप में देखना ठीक होगा? अपने उत्तर के पक्ष में तर्क दीजिए। (8 अंक)